# सैनिकों के कल्याण के लिए करें भरपूर दान

**राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा कोष के लिए किया आह्वान**



**भोपाल, 21 अप्रैल. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा कोष में योगदान हमारे सैनिकों और उनके परिवारों का केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति है. झंडा निधि में सहयोग राष्ट्र सेवा में समर्पित वीरों के प्रति हमारे कर्तव्य पालन का अवसर है.**

राज्यपाल पटेल ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि सैनिक कल्याण के लिए अपनी क्षमता के अनुसार अधिक से अधिक दान दें. साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करें. राज्यपाल पटेल मंगलवार को समामेलित विशेष निधि प्रबंध समिति की बैठक उपरांत लोकभवन में आयोजित सशस्त्र सेना झंडा निधि में विशेष योगदान देने वालों के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे.

**राज्यपाल ने इनका किया सम्मान :** उन्होंने लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण के लिए संभागायुक्त जबलपुर धनंजय सिंह भदौरिया, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, अलीराजपुर कलेक्टर नीतू माथुर, नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. अपर मुख्य सचिव गृह के.सी. गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, सचिव गृह विभाग श्रीमती शिल्पा गुप्ता, जी.ओ.सी. मध्यप्रदेश मेजर जनरल संजय गौतम, ब्रिगेडियर शरद नायर और विकास बत्रा सहित सैनिक कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश के पदाधिकारी, प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद थे. राज्यपाल का समारोह में पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया. दानदाताओं ने अपने अनुभव साझा किए. स्वागत उद्बोधन और आभार ब्रिगेडियर अरुण नायर ने व्यक्त किए. राज्यपाल पटेल ने वर्ष 2024-25 में स्वेच्छा से 1 लाख रुपये से अधिक राशि दान करने वाले दान-दाताओं का अभिनंदन किया.

# बच्चों सहित बड़ों ने भरे अनुमोदना पत्र

**वात्सल्यमय आत्म आराधना शिविर का समापन**

**भोपाल, 21 अप्रैल. सुखी रहे सब जीव जगत के,, दुख कभी न आवे,,, की पंक्तियों के साथ वात्सल्यमय आत्म आराधना शिविर का समापन मंगलवार को 10 नंबर अरेरा कॉलोनी स्थित सतपत स्वाध्याय भवन में हुआ.**

इस अवसर पर बाल ब्रह्मचारी विद्वान सुमत प्रकाश जैन ने कहा कि जीवन में अपनी जीवन शैली के दौरान पाप क्रिया से बचते हुए पुण्यात्मक क्रिया करो, जीवन में सत्य, अहिंसा, जीव दया के लिए हमेशा संघर्ष करते रहना और जरूरत पड़े तो इसके लिए सब कुछ न्योछावर कर देना, मन वचन काय की शुद्धि से ही परिणामों में निर्मलता आती है, आचरण पवित्र होता है. इस दौरान सभी ने जिनवाणी वंदना की. मुमुक्षु मंडल के महामंत्री देवेंद्र बड़कुल, संगठन मंत्री मनोज आर एम ने बताया शिविर के समापन पर बच्चे, युवा हर वर्ग के लोगों ने प्रतिदिन स्वाध्याय के लिए अनुमोदना पत्र भरे. आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेव कानजी स्वामी के संदेश को आत्मसात कर जन-जन तक पहुंचाने के साथ शिविर का समापन हुआ.



# एसजीएसयू की लावण्या ने जीता स्वर्ण

**एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में जू-जित्सु स्पर्धा शुरू**

**भोपाल, 21 अप्रैल. एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वावधान में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जू-जित्सु (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ.**

प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. अनुपम चौकसे, कुलाधिपति सचिव, आर.के. शर्मा स्पोर्ट्स ऑफिसर, टीआईटी तथा पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी ग्रुप द्वारा किया गया. प्रतियोगिता में देशभर के 55 विश्वविद्यालयों से 500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग में नेवाजा तथा महिला वर्ग में फाइटिंग सिस्टम के विभिन्न मुकाबले हुए.

महिला वर्ग फाइटिंग सिस्टम- 52 किलोग्राम वेट कैटेगरी में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी की लावण्या ने कुमाऊं यूनिवर्सिटी की शिप्रना को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया. पहले सेमीफाइनल में शिप्रना ने डॉ. के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी की गरिमा को तथा दूसरे सेमीफाइनल में लावण्या ने मां शाकंभरी यूनिवर्सिटी की दीक्षा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया.

महिला वर्ग फाइटिंग सिस्टम - 45 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कुमाऊं यूनिवर्सिटी की शिवानी ने स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी की हर्षिता को हराकर स्वर्ण पदक जीता.

महिला वर्ग फाइटिंग सिस्टम -48 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कुमाऊं यूनिवर्सिटी की लाहौरी ने जेआरएन यूनिवर्सिटी की काजल को हराकर स्वर्ण पदक जीता.

# विद्यार्थियों ने तकनीकी कौशल का किया प्रदर्शन

**भाभा विवि में इनोवेटिव प्रोडक्ट-बेस्ड हैकाथॉन का आयोजन**

**भोपाल, 21 अप्रैल. भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा लर्निंग एजुकेशन हब के सहयोग से अपने परिसर में 'हैकनोवा 1.0 - इनोवेटिव प्रोडक्ट-बेस्ड हैकाथॉन' का आयोजन किया गया.**

इस आयोजन में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 116 छात्रों की 33 टीमों ने भाग लिया. प्रतिभागियों ने अपने नवाचारी विचारों एवं तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए उत्पाद-आधारित समाधान प्रस्तुत किए. प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशिष्ट निर्णायकों अब्बास रिजवी, यासर मोहम्मद, मनोज पवार एवं मशहूद सिद्दीक द्वारा किया गया, विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 35,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपये और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए. आयोजन का संचालन डॉ. जीतेंद्र सिंह यादव, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग संकाय के मार्गदर्शन में किया गया.




## आईसेक्ट का समर्थ भारत कॉन्क्लेव आज से

**भोपाल, 21 अप्रैल.** आईसेक्ट द्वारा 'समर्थ भारत कॉन्क्लेव-2026' के पांचवें संस्करण का आयोजन 22 एवं 23 अप्रैल को कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, भोपाल में किया जा रहा है. इस वर्ष कॉन्क्लेव का विषय 'विकसित भारत के लिए एआई आधारित कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता' रखा गया है. कॉन्क्लेव का उद्घाटन बुधवार 22 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे. दूसरे दिन 23 अप्रैल के मुख्य सत्र में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

## एक नजर में



### डॉक्टरों को सिमुलेशन मॉडल से दिया प्रशिक्षण

**भोपाल,21 अप्रैल.** एम्स भोपाल में त्वचा रोगों के सुरक्षित और आधुनिक उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय डर्माटो सर्जरी कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यशाला एसोसिएशन ऑफ क्यूटेनियस सर्जन्स के सहयोग से आयोजित हुई, जिसमें देशभर से 140 से अधिक त्वचा विशेषज्ञ, रेजिडेंट डॉक्टर और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया.
कार्यशाला के दौरान डॉक्टरों को टांके लगाने की तकनीक, त्वचा की सर्जरी, मुंहासों के निशानों के उपचार और विटिलिगो (सफेद दाग) के सर्जिकल मैनेजमेंट जैसी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम की खास बात यह रही कि डॉक्टरों को सिमुलेशन मॉडल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे मरीजों का अधिक सुरक्षित व प्रभावी इलाज कर सकेंगे.



### दादाजी धाम में शंकराचार्य का मनाया जन्मोत्सव

**भोपाल, 21 अप्रैल.** दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर भोपाल में जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के जन्मोत्सव पर मंगलवार को शंकराचार्य जी की मूर्ति का अभिषेक, पूजन, हवन और आरती की गई. इस पावन अवसर पर मंदिर के पट भगवान के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के लिए खुले रहे. जन्मोत्सव का यह पावन आयोजन बुधवार को भी जारी रहेगा, जिसमें विशेष पूजन-अर्चन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

### केंद्रीय जेल में स्वास्थ्य शिविर 25 को

**भोपाल, 21 अप्रैल.** केंद्रीय जेल में 25 अप्रैल को सुबह 9 बजे बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, इस शिविर में मेडिकल कॉलेज के अनुभवी डॉक्टरों की टीम बंदियों की जांच करेगी. यह आयोजन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल के निर्देश पर किया जा रहा है.

# आर्ट गैलरी में 117 कलाकारों की कृतियों की लगाई प्रदर्शनी

**रंगायन आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी का शुभारंभ**

**भोपाल 21 अप्रैल. भोपाल में बावड़िया कला स्थित रंगायन आर्ट गैलरी में मंगलवार से एक कला प्रदर्शनी शुरुआत से हुई है. इस प्रदर्शनी में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कलाकारों की पेंटिंग, स्केच और अन्य कलाकृतियां लगाई गई हैं. इसमें करीब 117 कलाकारों की कृतियां शामिल हैं, जो लगभग 30 राज्यों से जुड़े हैं.**

यह आयोजन एक सामाजिक संस्था द्वारा किया गया है, जो बच्चों की पढ़ाई और उनके हुनर को आगे बढ़ाने के लिए काम करती है.

प्रदर्शनी में पेंटिंग के साथ-साथ मूर्ति कला, कोलाज और अन्य कला भी देखने को मिल रही है. लोग गैलरी में आकर इन कलाकृतियों को देख रहे हैं और कलाकारों के काम को समझ रहे हैं. इस प्रदर्शनी में कई बड़े आर्ट अवॉर्ड भी रखे गए हैं, जिनके जरिए कलाकारों को सम्मान दिया जाएगा. कुछ कलाकारों को नकद इनाम और प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे. इसमें चार कलाकारों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा,

# अंकुर क्रिकेट अकादमी ने छह विकेट से जीता मैच

**शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट**

**भोपाल 21अप्रैल. शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को मैच रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी और अंकुर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी की टीम ने तय ओवरों में 146 रन बनाए.**

टीम की शुरुआत ठीक रही और खिलाड़ियों ने मिलकर स्कोर खड़ा किया. शिवम पांडेय ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए, जबकि अहद खान ने 21 रन बनाये. अंकुर क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में रोहित ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए. उनके अलावा वंश वर्मा ने भी 2 विकेट लिए.

146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंकुर क्रिकेट अकादमी की टीम के प्रयाग झारिवाला ने 80 रन बनाए. जय धाकड़ ने भी 22 रन बनाकर उनका साथ दिया. रेलवे गर्वित की ओर से अर्नव साहू और आरव साहू ने 2-2 विकेट लिए. अंत में अंकुर क्रिकेट अकादमी ने 6 विकेट से मैच जीत लिया.



# नींबू पानी बना हर उम्र के लोगों की पहली पसंद

**मांडवी सिंह, नवभारत**

**भोपाल, 20 अप्रैल भीषण गर्मी के बीच शहरवासियों के लिए तुरंत ऊर्जा और ताजगी पाने का सबसे आसान और प्राकृतिक तरीका नींबू पानी और नीबू शिकंजी बन गया है, जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, लोग महंगे सॉफ्ट ड्रिंक्स की बजाय हेल्दी विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं.**

शहर के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर जब हमारे रिपोर्टर ने अलग-अलग उम्र के लोगों से बात की, तो हर उम्र के लोगों की पहली पसंद नींबू पानी था. सोडा के ठेलों पर खड़े 18 से 29 वर्ष के युवा, 30 से अधिक वर्ष के कामकाजी लोग और 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को विकल्प दिया, उनकी पसंदीदा नेचुरल ड्रिंक छूनेका तो उन्होंने आम पना, गन्ने का रस, नारियल पानी जैसी नेचुरल ड्रिंक्स के नाम तो बताए, पर पीने के लिए नीबू पानी ही आर्डर किया.



लोगों का कहना है कि नींबू पानी न सिर्फ शरीर को तुरंत ठंडक देता है, बल्कि थकान दूर करने में भी मदद करता है. बाजार में मिलने वाले कोल्ड ड्रिंक्स की तुलना में नीबू पानी सस्ता, सुरक्षित और सेहतमंद विकल्प है. शहर के प्रमुख बाजार और सड़क किनारे नीबू शिकंजी के ठेले भी खूब नजर आ रहे हैं, जहां लोग रुककर ठंडी शिकंजी का आनंद ले रहे हैं.

**सही मात्रा, सही फायदा**

नीबू पानी हाइड्रेशन पाने के लिए एक अच्छा विकल्प है, पर एक मात्रा तक ही इसका सेवन करना चाहिए. अगर किसी व्यक्ति को 100 ' डिहाइड्रेशन है तो नीबू पानी चुना नहीं जा सकता, क्योंकि नीबू पानी में निश्चित मात्रा तक ही इलेक्ट्रोलाइट्स, मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को तुरंत हाइड्रेट नहीं कर सकता. इसके लिए मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन लेना जरूरी है. प्यास बुझाने के लिए और एनर्जी लेवल बढ़ाने के नीबू पानी का सेवन एक अच्छा विकल्प है, उसमें शक्कर और नमक की मात्रा कम रखें. **- शिल्पा गुप्ता,** डायटीशियन



नीबू पानी सस्ता है धूप से थकान बढ़ने पर एनर्जी देता है. रोज धूप में काम करने वाले लोगो के लिए बेस्ट ड्रिंक है.
**- सोनम**



बचपन से जब भी पापा के साथ बाजार आता हूँ मैं और पापा साथ में नीबू पानी जरूर पीते है.
**- सनी शर्मा**



# स्कूलों के 45 बच्चों ने रंगों से दिया स्वच्छता का संदेश

**राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन**

**भोपाल. 21 अप्रैल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 16 से 30 अप्रैल के तहत पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में 8वीं से 12वीं कक्षा तक के 45 स्कूली बच्चों ने भाग लिया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ना था. प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों और ब्रश के माध्यम से स्वच्छ भारत के अलग-अलग विषयों को कागज पर उकेरा. इसमें कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त भारत और व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषय प्रमुख रहे.

इस दौरान भोपाल के एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज, कैम्पियन स्कूल भौरी, शारदा विद्या मंदिर रातीबड़, नारायणा स्कूल, कोपल स्कूल नेहरू नगर, कमला नेहरू स्कूल और डीएमएस स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया. संग्रहालय परिसर बच्चों की रचनात्मकता से जीवंत नजर आया. बच्चों को अपनी पसंद के रंगों जैसे वॉटर कलर, पोस्टर कलर और एक्रेलिक कलर से पेंटिंग बनाने की पूरी स्वतंत्रता दी गई. आयोजन की ओर से ड्राइंग शीट, बोर्ड, नाश्ता और पेय पदार्थ की व्यवस्था भी की गई.

संग्रहालय के मुख्य कलाकार ललित बागुल के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता आयोजित हुई. उन्होंने बच्चों को चित्रकला की बारीकियां भी समझाई. आयोजकों के अनुसार दो दिन बाद पेंटिंग का मूल्यांकन किया जाएगा. इसके बाद बच्चों की बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा. कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता अपनाकर ही स्वस्थ और बेहतर समाज बनाया जा सकता है.

**पर्यावरण संरक्षण**

**डायनासोर कॉस्ट्यूम पहनकर लोगों का ध्यान किया आकर्षित**

# बोट क्लब पर दिया शाकाहारी जीवन जीने का संदेश

**भोपाल, 21 अप्रैल. श्यामला हिल्स स्थित बोट क्लब में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पशु अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया गया. इस दौरान प्रतिभागियों ने डायनासोर कॉस्ट्यूम पहनकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और 'गो वीगन' (शाकाहारी जीवन शैली अपनाना) का संदेश दिया.**




कार्यक्रम में बताया गया कि इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य लोगों को शाकाहारी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है. आयोजकों के अनुसार, दूध उत्पादन और जानवरों से बनी चीजों का अत्यधिक उपयोग प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहा है. इससे पानी, जमीन और पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़ रहा है.

कार्यक्रम से जुड़ी अपेक्षा तामने ने कहा कि शाकाहारी जीवन शैली अपनाना केवल स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण और पशुओं के अधिकारों के लिए भी जरूरी है. उन्होंने बताया कि पशुओं को भी अच्छी जिंदगी जीने का अधिकार है, और वीगन जीवन शैली अपनाकर हम उनके प्रति सम्मान दिखा सकते हैं. आयोजकों ने 'गो वीगन' के संदेश को केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सोच बताया. उनका कहना है कि इसका अर्थ है कि हम पशुओं को बिना शोषण के जीने दें और अपने जीवन में ऐसे विकल्प अपनाएं जो पर्यावरण के अनुकूल हों.

## बच्चों के लिए 'स्वप्नयान' थिएटर वर्कशॉप 28 से

**भोपाल 21 अप्रैल.** शहर में बच्चों के लिए 'स्वप्नयान-चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप' का आयोजन 28 अप्रैल से किया जा रहा है. यह वर्कशॉप 20 मई तक सेवन हिल्स पब्लिक स्कूल, न्यू मार्केट में चलेगी. इसका आयोजन विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा किया जा रहा है और इसमें संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और मानव संग्रहालय, भोपाल का सहयोग है. इस वर्कशॉप में बच्चों को सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि खुद को समझने और अपनी बात सही तरीके से बोलना भी सिखाया जाएगा. इसमें बच्चों को बॉडी मूवमेंट, बोलने का तरीका और अलग-अलग एक्टिविटी के जरिए सीखने का मौका मिलेगा.